## सार-समाचार

### अवैध डोडा पोस्त बरामद

**बालोतरा**,(नि.सं.)। बालोतरा में नशाखोरी पर प्रभावी नियंत्रण एवं उन्मूलन के लिए पुलिस मुख्यालय की मंशा अनुसार जिले में मादक पदार्थों की तस्करी की रोकथाम एवं मादक पदार्थ तस्करों के विरूद्ध प्रभावी कानूनी कार्यवाही के लिए चलाए जा रहे विशेष अभियान "ऑपरेशन विशभंजन" के तहतजारी दिशा-निर्देशानुसार हरफूलसिंह आरपीएस, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक बालोतरा एवं देरावरसिंह आरपीएस, वृताधिकारी सिवाना के निकटतम सुपरविजन में विशाल कुमार थाना प्रभारी सिणधरी के नेतृत्व में पुलिस टीम द्वारा मुखबीर सूचना पर तस्कर आरोपी हीराराम द्वारा खेत में छिपाकर रखे 23.5 किलोग्राम अवैध मादक पदार्थ डोडा पोस्त सहित तस्करी में प्रयुक्त स्विफ्ट कार को बरामद करने में सफलता हासिल की है। पुलिस के अनुसार 19 जनवरी को खास मुखबीर से प्राप्त सूचना के आधार पर पुलिस थाना सिणधरी क्षेत्र में अभियुक्त हीराराम पुत्र मगाराम जाट, निवासी सेवरो की ढाणी, डण्डाली की रिहायशी ढाणी एवं खेत की विधिवत तलाशी ली गई। तलाशी के दौरान अभियुक्त द्वारा अपने खेत में छिपाकर रखा गया। कुल 23.500 किलोग्राम अवैध मादक पदार्थ डोडा पोस्त तथा मादक पदार्थ तस्करी में प्रयुक्त स्विफ्ट कार, वाहन जब्त की गई। इस संबंध में पुलिस थाना सिणधरी पर एनडीपीएस एक्ट के तहत आपराधिक प्रकरण दर्ज किया गया है। फरार अभियुक्त हीराराम की तलाश एवं प्रकरण में अग्रिम अनुसंधान जारी है।

### महिलाओं का गैर नृत्य आकर्षण रहा

**पाली**, (नि.सं.)। माही बीज के अवसर पर सीरवी समाज की ओर से रामदेव रोड स्थित आई माता की वड़ेर से सुबह 10: बजे धूमधाम से बैंड बाजा के साथ शोभायात्रा निकाली। जिसमें एक दर्जन से ज्यादा आई माता से जुड़ी झांकियां में राधा कृष्ण, खाटू श्याम जी, के साथ- महादेव के गानों का तांडव नृत्य, वही पारंपरिक वेशभूषा में महिलाएं हाथों में छतरी लिए चश्मा लगाए गेर नृत्य आकर्षण का केंद्र रही। सीरवी समाज के युवक रंग-बिरंगे बागे पहनकर पैरों में घुंघरू डांडिया नृत्य करते गेर नाचते नजर आए। सबसे आगे आई माता की बैलगाड़ी, सबसे पीछे आई माता की सवारी ज्योत के साथ चल रही थी। शोभायात्रा में समाज के सैकड़ो महिला पुरुष साथ थे। शोभा यात्रा रामदेव रोड से रवाना होकर सिंधी कॉलोनी, पानी दरवाजा, सराफा बाजार, सोमनाथ मंदिर, सूरजपोल लोढ़ा स्कूल रोड नहर चौराहा होते हुए जनता कॉलोनी स्थित आई माता की बडेर पूछ समाप्त हुई। शोभा यात्रा को लेकर पूरे शहर में करीब 21 स्वागतदार लगाए गए। जगह-जगह पुष्प वर्षा और प्रसाद जूस पिलाकर स्वागत कियां वही वही जनता कॉलोनी में प्रसादी का आयोजन भी हुआ। कार्यक्रम में सीरवी समाज सीरवी नवयुग मंडल महिला मंडल कमेटी का सहयोग रहा।

### मतदान के बहिष्कार का ज्ञापन दिया

**रेवदर**, (निसं)। उपखंड क्षेत्र के करजिया, मुलियाखेडा, बिदमिया के समस्त गाँवो के लोगो ने मंगलवार को बैठक का आयोजन किया गया। बैठक के बाद उपखंड अधिकारी रेवदर को ज्ञापन सौंपा कर बताया कि आने वाले आगामी पंचायतीराज चुनाव का हमारे समस्त गांव के मतदाता मतदान से बहिष्कार करेंगे। बैठक में निर्णय लिया गया कि हमारे पंचायत पुर्नगठन व सीमांकन प्रक्रिया से संतुष्ट नहीं है और हमारे आदिवासी बाहुल्य क्षेत्र के साथ अन्याय किया गया है। समस्त गांवों की मांग के अनुसार पहली पंचायत नवगठित में नाम आने के बाद राजनीति कर हमारे करजिया का नाम किसी प्रकार से निरस्त कर दिया गया। इसलिए हमारे करजिया, मुलिया खेडा, बिदमीया के सभी लोगों में आकोश है। इसलिए सभी गांव की जनता ने निर्णय लिया कि हमारे तीनों गांवों के लोग वोट नहीं डालने जायगे और अगर कोई व्यक्ति वोट डालने जाएगा तो 51000 दंड का निर्णय समस्त गांवों के लोगों की सहमति से लिया गया। मीठाराम, सवाराम, वेलाराम, जितेंद्र कुमार, शंकर लाल, मफाराम, लसमाराम, वजाराम, प्रभाराम, देवाराम, कालाराम, हंसाराम, हीराराम, अर्जुन, रणसा राम, प्रेमाराम, भुराराम, मालाराम, हकमाराम, नौकाराम सहित कई जन मौजूद थे।

### भादरड़ा गांव में हिंदू सम्मेलन आयोजित

**भीनमाल**, (निसं )। निकटवर्ती भादरडा गांव में मंगलवार को विराट हिन्दू सम्मेलन के आयोजन में संत भोमाराम महाराज ने हिन्दू समाज से एकजुट रहने का आव्हान किया। उन्होंने तिलक लगाने, सामूहिक मिलन के माध्यम से सामाजिक समरसता को कम करने पर जोर दिया। कार्यक्रम में बांग्लादेश में हिन्दुओं पर हो रहे हमलों पर चिंता जताई गई। सह विभाग प्रचारक अनिल कुमार ने मातृ शक्ति को संस्कारों की आधारशिला बताया तथा सनातन संस्कृति और सामाजिक एकता के संरक्षण हर महीने में एक बार सामूहिक भजन और भोजन एक साथ बैठ कर करना सामाजिक समरसता का मजबूत आधार है। इससे समाज में आपसी मेलजोल बढता है और भेदभाव की भावना समाप्त होती है। सह जिला कार्यवाहक राजेश कुमार ने हिन्दू समाज की प्राचीन परंपरा बताते हुए इसे फिर से अपनाने की जरूरत बताई। हनुमान कुटिया भादरडा के संत सीताराम महाराज ने भी अपने विचार रखे। सम्मेलन में लेदरमेर, कोट कास्ता, घासेडी, देलवाडा, मुंथला काबा सहित कई गांवों के लोगों ने हिस्सा लिया। कार्यक्रम में मंच संचालन प्रकाश सियाग ने किया।

### आशा सहयोगिनी रोहट ब्लॉक को समर्थन

**पाली**, (नि.सं.)। आज सुबह 11 बजे आशा सहयोगिनी चिकित्सा सेवा मंच रोहट ब्लॉक द्वारा अपनी पांच सुत्री प्रमुख मांगों को लेकर मुख्यमंत्री के नाम ज्ञापन अतिरिक्त जिला कलेक्टर को सौंपा गया। अध्यक्ष संगीता पटेल ने बताया कि आशा सहयोगिनीयो द्वारा स्वास्थ्य विभाग का कार्य घर घर जा कर किया जाता है, परन्तु मानदेय कार्यानुसार नही दिया जा रहा है। ज्ञापन में मानदेय बढ़ाने, सेवानिवृत्त पर आर्थिक सहायता देने,ए एन एम भर्ती में आरक्षण देन , दुर्घटना बीमा से लाभान्वित करने तथा बजट वर्ष 2024/2025 में मानदेय बढ़ाने सहित प्रमुख मांगों पर विचार करने का अनुरोध किया गया। आशा सहयोगिनीयो की उक्त मांगों का शिव सेना शिंदे पाली द्वारा पूर्ण समर्थन किया गया। नारेबाजी कर ज्ञापन सौंपा गया। ज्ञापन देते समय अध्यक्ष संगीता पटेल, सचिव विमला, कोषाध्यक्ष प्रेमी देवी, शिव सेना शिंदे जिला प्रमुख तख्तसिंह सोलकी, जिला प्रवक्ता राजु देवासी, मगराज पादरली, भगवती, पारस, उषा, अनिता, धापु, शान्ति, मंजु, गीता, अंजु, रेखा, चम्पती, पुष्पा, सहनाज, जेतुन, शारदा व संगीता सहित कई आशा सहयोगिनी मौजूद थी।

### आलमजी महाराज का मेला संपन्न

**धोरीमना**, (निसं)। धोरीमना में मंगलवार को माघ सुदी बीज को आलमजी महाराज का भव्य मेले का आयोजन किया गया। आलमजी मंदिर में कांबडिया संतों के द्वारा पूजा की जा रही है यात्रियों के लिए ठहरने की व्यवस्था भी मंदिर में है पहाडी पर आलम जी महाराज का स्थित मंदिर मालाणी क्षेत्र में आलम जी महाराज मुख्य देवता माना जाता है। किसी भी प्रकार के मंगल कार्यो में आलम जी महाराज की प्रथम पूजा की जाती है। धोरीमना आलम नगरी के नाम से पर्यटक स्थल माना जाता आलम जी महाराज के हर साल में दो मेले लगते हैं। आलम जी के भक्तों की ओर से शाम का जागरण का आयोजन होता है । गायक कलाकार आलम भजन मंडली की ओर से जागरण का शुभारंभ गजानंद की प्रस्तुतियां द्वारा शुभारंभ होता है। गुरु महिमा व रात भर आलम जी महाराज के भजनों की प्रस्तुतियां दी जाती है। सुबह आलम जी महाराज की महा आरती की जाती है तथा हवन व महाप्रसादी दिनभर चलती रहती है। हर साल की भांति भव्य मेले का आयोजन होता है।

### दाह संस्कार करने के लिय पानी से गुजरे

**रेवदर**, (निसं)। कस्बे के समीपवर्ती लूणोल ग्राम में आज श्मशान घाट तक पानी भरा होने के कारण मंगलवार को दाह संस्कार करने के लिय पानी में होकर गुजरे। भाजपा एससी मोर्चा मंडल अध्यक्ष रेवा राम ने बताया कि आज एक व्यक्ति की मृत्यु हो जाने पर अंतिम यात्रा पानी में होकर गुजरना पड़ा। गोविंद ने बताया कि ये हाल हमेशा रहता है। कई बार पंचायत में जाकर शिकायत करने के बाद भी इस रास्ता से पानी नहीं हटाया जाता है। लूणोल ग्राम में ये पानी हमेशा बहता रहता है।

### भूल से पीया कीटनाशक, मौत हुई

**जोधपुर**, (कासं) । लूणी स्थित उत्तेसर गांव में एक युवक ने अपने घर पर भूल से कीटनाशक का सेवन कर लिया। तबीयत बिगडने पर उसे अस्पताल लाया गया, मगर बाद में उसकी मौत हो गई। उसके भाई की तरफ से लूणी थाने में मर्ग की रिपोर्ट दी गई। लूणी पुलिस ने बताया कि उत्तेसर गांव निवासी कृष्ण कुमार पुत्र जेठाराम जाट ने मर्ग में रिपोर्ट दी। इसमें बताया कि उसके भाई महेंद्र जाट ने घर पर 18 जनवरी को भूलवश कीटनाशक का सेवन कर लिया था। तबीयत बिगडने पर उसे अस्पताल में भर्ती कराया गया, मगर बाद में उसकी मौत हो गई।

# जैसलमेर, सम-लखमणा व खुहड़ी में सजेगा मरू महोत्सव-2026

**जैसलमेर**, (नि.सं.)। राजस्थान की समृद्ध लोकसंस्कृति, परंपरा एवं मरुस्थलीय विरासत को वैश्विक पहचान दिलाने वाला जगविख्यात मरु महोत्सव-2026 इस वर्ष 30, 31 जनवरी एवं 01 फरवरी को जैसलमेर, सम-लखमणा एवं खुहड़ी में भव्य रूप से आयोजित किया जाएगा। तीन दिवसीय इस महोत्सव में सैलिब्रिटी कलाकारों की शानदार सांस्कृतिक प्रस्तुतियों के साथ-साथ मिस्टर डेजर्ट, मिस मूमल-2026 सहित अनेक पारंपरिक एवं रोचक प्रतियोगिताएं आयोजित होंगी।

जिला कलैक्टर प्रताप सिंह ने बताया कि मरु महोत्सव-2026 को यादगार एवं ऐतिहासिक बनाने के लिए प्रशासन द्वारा युद्धस्तर पर तैयारियां की जा रही हैं। पर्यटकों एवं आमजन की सुविधाओं, सुरक्षा, यातायात एवं व्यवस्थाओं को लेकर समुचित एवं सुदृढ प्रबंध सुनिश्चित किए जा रहे हैं।

### 30 जनवरी को महोत्सव का भव्य शुभारम्भ होगा

सहायक निदेशक, पर्यटक स्वागत केन्द्र कमलेश्वसिंह ने बताया कि पर्यटन विभाग द्वारा जिला प्रशासन के सहयोग से मरु महोत्सव के सफल आयोजन को लेकर तैयारियां प्रारम्भ कर दी गई है। वहीं विभिन्न स्थलों पर मरु महोत्सव कार्यक्रमों से संबंधित रंगीन पोस्टर लगाए गये है। इसके साथ ही होटलों, सम एवं खुहड़ी के रिसोर्ट इत्यादि में भी महोत्सव के पोस्टर्स उपलब्ध करवाए गए है, ताकि इसका अधिकाधिक प्रचार-प्रसार हो एवं अधिक से अधिक सैलानी महोत्सव में पहुंच कर कार्यक्रमों का आनन्द लें।

उन्होंने बताया कि 30 जनवरी को प्रातः 8:30 बजे सुविख्यात सोनार दुर्ग स्थित भगवान लक्ष्मीनाथ जी के मंदिर में आरती के साथ महोत्सव की शुरुआत की जाएगी। इसके बाद प्रातः 9 बजे गड़सीसर झील से शहीद पूनमसिंह स्टेडियम तक भव्य एवं लोक संस्कृति से सरोबार रंग-बिरंगी शोभा यात्रा का शानदार आयोजन किया जाएगा एवं प्रातः 10 बजे शहीद पूनमसिंह स्टेडियम में मरु महोत्सव-2026 का विधिवत् उद्घाटन होगा।

इस अवसर पर मरुश्री, मिस मूमल-2026, मिसेज जैसलमेर, मूमल-महेन्द्रा, साफा बांधो, मूंछ प्रतियोगिता सहित अनेक आकर्षक प्रतियोगिताएं आयोजित की जाएंगी। साथ ही स्टेडियम परिसर में आर्ट एंड क्रॉफ्ट मेला, पपेट-शो एवं फूड फेस्टिवल भी सैलानियों के आकर्षण का केन्द्र रहेंगे। सायं शहीद पूनमसिंह स्टेडियम में प्रसिद्ध बॉलीवुड प्लेबैक सिंगर मधुबंती बागची की शानदार सांस्कृतिक संध्या आयोजित होगी।

### रेगिस्तानी जहाज के कार्यक्रम होंगे आकर्षण का केंद्र

मरु महोत्सव-2026 के दूसरे दिवस 31 जनवरी को प्रातः 7:30 बजे से 8:30 बजे तक गड़सीसर लेक पर योगा कार्यक्रम का आयोजन होगा। इसके बाद प्रातः 9:30 बजे डेडानसर मैदान में सर्वाधिक आकर्षक का केन्द्र सीमा सुरक्षा बल "कैमल टेंटू-शो" का आयोजन होगा। वहीं इस दौरान एयरफोर्स के जांबाजों द्वारा एयर वॉरियर ड्रील व सारंग टीम का डिस्पले होगा। इसके साथ ही ठाामीण खेलकूद प्रतियोगिताएँ, पॉट रेस, रस्सा-कस्सी, जिम्नास्टिक शो का आयोजन होगा। साथ ही ऊंट श्रृंगार प्रतियोगिता एवं शान-ए-मरुधरा एवं कैमल पोलो मैंच का भी आयोजन होगा।

वहीं, सायं 8:30 बजे सम-लखमणा के लहरदार रेतीले धोरों पर बॉलीवुड सैलिब्रिटी एवं प्लेबैक सिंगर राज बर्मन की मधुर एवं रोमांचक सांस्कृतिक संध्या सजेगी। इससे पूर्व कैमल रेस एवं स्थानीय लोक कलाकारों की प्रस्तुतियां भी होंगी।

### 1 फरवरी को खुहड़ी के मखमली धोरों पर समापन

पहली बार मरु महोत्सव का समापन माघ पूर्णिमा की धवल चांदनी रात में 01 फरवरी को खुहड़ी के रेतीले धोरों पर किया जाएगा। रात्रि 8 बजे इंडियन आइडल फेम सैलिब्रिटी कलाकार पियूष पंवार द्वारा भव्य सांस्कृतिक प्रस्तुति दी जाएगी।

इससे पूर्व खुहड़ी में कैमल रेस का आयोजन होगा। साथ ही प्रातः 11 बजे लाणेला के रण में घुड़दौड़ प्रतियोगिता तथा प्रातः 9 से दोपहर 1 बजे तक कुलधरा एवं खाभा फोर्ट में मांडणा आर्ट प्रदर्शनी एवं लोक सांस्कृतिक प्रस्तुतियां आयोजित की जाएंगी। यह मरु महोत्सव-2026 थार की लोकसंस्कृति, संगीत, परंपरा एवं पर्यटन को वैश्विक मंच प्रदान करते हुए जैसलमेर को एक बार फिर अंतर्राष्ट्रीय पहचान दिलाएगा।

# गुड़ामालानी में किसानों का प्रदर्शन के बाद महापड़ाव, सड़कें हुई जाम

**गुड़ामालानी**, (नि.सं.)। उपखंड मुख्यालय पर पूर्व अल्टीमेटम के साथ मंगलवार को जिला किसान संघर्ष समिति के नेतृत्व में क्षेत्र के हजारों किसान मुआवजे सहित 26 सूत्री मांगों पर एक माह बाद भी कार्रवाई नहीं होने से आक्रोशित क्षेत्र के हजारों किसानो का रैला प्रदर्शन करते हुए ट्रैक्टर व वाहनों के साथ नारेबाजी को प्रदर्शन करते हुए जिला मुख्यालय घेराव को रवाना हुआ।

तय अनुसार मंगलवार को आक्रोशित किसानों के रेले अलग अलग सड़क मार्ग से जुटे और मेगा हाइवे से आलपुरा व धोरीमन्ना सडक मार्ग से प्रर्दशन व नारेबाजी के साथ आगे बढ़े। मामले को गंभीरता को देखते हुए पहले से तैनात बडी संख्या में पुलिस बल व अधिकारियों ने विरोध को सडक पर ही रोक दिया और समझाइश करते हुए आगे नहीं बढने दिया। इस दौरान प्रशासन के विरुद्ध नारेबाजी करते हुए हजारों किसानो के रैले ने बहस करते हुए सडक पर ही प्रर्दशन किया तो मेगा हाईवे व धोरीमन्ना सडक मार्ग जाम हो गया। हाइवे पर वाहनों की कतारें लग गई। रोकने के बावजूद आक्रोशित हजारों किसानों जिद के साथ वाहन वही छोड पैदल ही अहिंसा चौराहे तक पहुंचे तो फिर पुलिस बल ने मक्कशत कर आगे नही बढने दिया और वार्ता करने की बात पर किसानों ने खेल मैदान में पहापडाव किया। हजारों की संख्या में जुटे किसानों के पड़ाव को कई जनप्रतिनिधियों व राजस्व मंत्री हेमाराम चौधरी ने समर्थन देते हुए संबोधित किया।

इधर स्थिति बिगडती देख शाम को प्रशासन ने संघर्ष समिति के पदाधिकारियों से एसडीएम कार्यालय में वार्ता शुरू की। गौरतलब है कि फसल बीमा व अटके बकाया मुआवजे को लेकर हुई में 9 दिसम्बर को धोरीमना में प्रशासन द्वारा किसानों की मांगों पर सहमति जताते हुए शीघ्र कार्रवाई का आश्वासन दिया था। मगर एक महिना बीत जाने के बाद भी क्षेत्र के किसानों को पुरा बकाया मुआवजा व फसल बीमा राशी पुर्ण खाते में जमा नहीं होने एव अन्य मांगों पर आश्वासन के बाद भी स्थानीय प्रशासन द्वारा कोई कार्यवाही नहीं करने से किसान भडक उठे। आक्रोशित किसान दिये अल्टिमेटम के अनुरूप मामले की गंभीरता को देखते हुए मंगलवार को सुबह ही गुडामालानी चौराहे व बाडमेर व बालोतरा जाने वाले सडक मार्ग पर भारी संख्या में पुलिस बल एवं अधिकारी तैनात हो गये थे। मगर हजारों किसान दोपहर 12 बजे आलपुरा ग्राम के पास मेगा हाईवे पर एकत्रित हो गए। और तय रणनीति के अनुसार ट्रैक्टरो, विभिन्न वाहनो व मोटरसाइकिलों के साथ प्रर्दशन करते हुए जिला मुख्यालय के घेराव को निकले। सुचना मिलते ही पुलिस अधिकारियों सहित बडी संख्या में पुलिस बल व आरएसी के जवानों ने किसानों के रेले व विरोध को रोकने की कोशिश की।

# दीवार व फर्श की मरम्मत, शौचालय निर्माण पर सहमति



**जालोर के वीर वीरमदेव राजकीय महाविद्यालय विकास समिति की बैठक मुख्य सचेतक जोगेश्वर गर्ग के मुख्य आतिथ्य में आयोजित हुई।** फोटो-राष्ट्रदूत

**जालोर**, (कासं)। वीर वीरमदेव राजकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय जालोर में मंगलवार को राजस्थान विधानसभा के मुख्य सचेतक जोगेश्वर गर्ग व जिला कलैक्टर डॉ. प्रदीप के. गावंडे की उपस्थिति में महाविद्यालय विकास समिति की बैठक सम्पन्न हुई।

महाविद्यालय विकास समिति की बैठक में राजस्थान विधानसभा के मुख्य सचेतक जोगेश्वर गर्ग ने महाविद्यालय में सिंथेटिक ट्रेक व ओपन जिम बनवाने का प्रस्ताव रखा। उन्होंने कहा कि महाविद्यालय में विद्यार्थियों के सर्वांगीण विकास के लिए सेमीनार व वर्कशॉप का आयोजन करवाना चाहिए। विकास समिति द्वारा महाविद्यालय में भूगोल, हिन्दी साहित्य, राजनीति विज्ञान, भौतिक शास्त्र एवं रसायन शास्त्र विषय में पी.जी.प्रारम्भ करवाने के लिए प्रस्ताव उच्च स्तर पर भिजवाने पर सहमति बनी। कार्यवाहक प्राचार्य मनीष अखावत ने अतिवृष्टि से हुए नुकसान के बारे में मुख्य सचेतक जोगेश्वर गर्ग व जिला कलक्टर डॉ. प्रदीप के. गावंडे को अवगत करवाया। समिति सदस्यों द्वारा महाविद्यालय में अकादमिक व खेल सुविधाओं में अभिवृद्धि करने की अनुशंसा की गई। बैठक के दौरान अतिवृष्टि के कारण टूटी महाविद्यालय की दीवार व क्षतिग्रस्त फर्श आदि की मरम्मत तथा पुस्तकालय के समीप शौचालय निर्माण पर सहमति बनी।

बैठक में सी.ए. मोहन पाराशर, राज्य सरकार द्वारा मनोनीत सदस्य संदीप जोशी व गणपत लाल सोलंकी, अभिभावक आनन्द सिंह व चम्पालाल सांखला, समिति सचिव विमल कुमार खत्री, कोषाध्यक्ष कृष्णा देवल व विद्यार्थी ओबाराम उपस्थित रहे।

# परिवार डांगड़ी रात में गया, चोरी हो गई

**जोधपुर**, (कासं)। जोधपुर शहर के झालामंड स्थित रूपनगर, सिनवाडियां में 16-17 जनवरी की मध्य रात एक सूने मकान में चोरी हो गई। चोरों ने अलमारी बक्सों के ताले तोडकर वहां से 2.16 लाख की नगदी के साथ सोने चांदी के आभूषण चोरी कर लिए।

पीड़ित को पड़ौसी ने 17 की सुबह ताले टूटने की जानकारी दी। परिवार के लोग एक दिन पहले ही बालेसर रिश्तेदार के निधन पर डांगड़ी रात में गए थे। कुड़ी भगतासनी थाने में इस बाबत केस दर्ज कराया गया है।

कुड़ी भगतासनी पुलिस ने बताया कि मूलतः बालेसर के देवनगर स्थित मोतीजी की ढाणी हाल सिनवाडियां रूप नगर झालामंड में रहने वाले मांगीलाल पुत्र लाखाराम प्रजापति की तरफ से मामला दर्ज कराया गया। इसमें बताया कि उसके ससुर के निधन पर परिवार सहित 16 जनवरी की रात को डांगड़ी रात में शामिल होने गए थे। 17 जनवरी की सुबह पड़ौसी ने ताले टूटने की जानकारी दी।

घर आने पर पता लगा कि चोरों ने अलमारी बक्सें के ताले तोड़ कर सामान बिखेर दिया। वहां से दो लकड़ी अलमारियों से 2.16 लाख का केश, चांदी की छह जोड़ी पायलें जिनमें चार बड़ी-दो छोटी जोड़ी, चांदी के 9-10 सिक्कें, चार अंगुठियां, लोटा/कलश, सोने की लूंग जोड़ी आदि चोरी कर ले गए। पुलिस को सूचना दिए जाने पर मौका मुआयना किया गया। जांच हैडकांस्टेबल पुरखाराम की तरफ से की जा रही है।

# भुवनेश्वर चौहान ने टापरा के कार्यालयों का निरीक्षण किया

**बालोतरा**, (नि.सं.)। अतिरिक्त जिला कलैक्टर भुवनेश्वर सिंह चौहान ने मंगलवार को प्रशासनिक एवं जनहित से जुडे संस्थानों का निरीक्षण कर व्यवस्थाओं का जायजा लिया। उन्होंने स्वास्थ्य, शिक्षा एवं बुनियादी सुविधाओं से जुडे विभागों को गुणवत्ता बनाए रखने और आमजन को बेहतर सेवाएं उपलब्ध कराने के निर्देश दिए।


अतिरिक्त जिला कलक्टर भुवनेश्वर सिंह चौहान ने टापरा स्थित प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र का निरीक्षण किया। उन्होंने ओपीडी, दवा वितरण कक्ष, स्टाफ उपस्थिति, साफ-सफाई एवं रिकॉर्ड संधारण की स्थिति की जांच की। इस दौरान उन्होंने चिकित्सा अधिकारियों एवं कर्मचारियों को निर्देश दिए कि मरीजों को समय पर उपचार, दवाइयों की उपलब्धता तथा स्वच्छ वातावरण सुनिश्चित किया जाए। उन्होंने कहा कि ग्रामीण क्षेत्र में स्वास्थ्य सेवाओं की गुणवत्ता से किसी भी प्रकार का समझौता नहीं किया जाना चाहिए। इसके पश्चात अतिरिक्त जिला कलैक्टर ने राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय टापरा का निरीक्षण किया। उन्होंने कक्षाओं की स्थिति, विद्यार्थियों की उपस्थिति, शिक्षण व्यवस्था, पेयजल, शौचालय एवं विद्यालय परिसर की साफ-सफाई का अवलोकन किया। उन्होंने विद्यालय प्रशासन को निर्देश दिए कि विद्यार्थियों को गुणवत्तापूर्ण शिक्षा उपलब्ध कराई जाए तथा शैक्षणिक वातावरण को और बेहतर बनाया जाए। निरीक्षण कार्यक्रम के अंतर्गत अतिरिक्त जिला कलक्टर ने पंचायत समिति कार्यालय, हॉस्पिटल तथा बिजली विभाग का भी निरीक्षण किया। उन्होंने कार्यालयीन कार्यप्रणाली, आमजन से जुड़े मामलों के निस्तारण, फाइलों के रख-रखाव एवं सेवा प्रदाय की स्थिति की समीक्षा की। बिजली विभाग के अधिकारियों को निर्बाध विद्युत आपूर्ति सुनिश्चित करने तथा शिकायतों के त्वरित समाधान के निर्देश दिए गए।

निरीक्षण के दौरान अतिरिक्त जिला कलक्टर ने सभी विभागीय अधिकारियों को आपसी समन्वय के साथ कार्य करने, नियमित निरीक्षण करने तथा योजनाओं और सेवाओं का लाभ आमजन तक समय पर पहुंचाने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि प्रशासन का उद्देश्य ग्रामीण क्षेत्रों में स्वास्थ्य, शिक्षा और बुनियादी सुविधाओं को मजबूत करना है, ताकि जनता को राहत मिल सके।

# जालोर में कृष्ण मंदिर कुम्हारों की पिलानी से शोभायात्रा शुरू हुई

**जालोर**, (कासं)। राधे कृष्णा नवयुवक मंडल जालोर के तत्वावधान में मंगलवार को प्रजापत समाज की आराध्य देवी भक्त शिरोमणि श्रीयादे जयंती महोत्सव पर विशाल शोभायात्रा निकाली गई।

शोभायात्रा का शुभारंभ ढोल और थाली की मधुर थाप के साथ श्री राधा कृष्ण मंदिर कुम्हारों की पिलानी से शुरू होते हुए सदर बाजार, तिलक द्वार, पंचायत समिति, सुंदेलाव तालाब स्थित श्रीयादे मंदिर प्रांगण में पहुंची । शोभायात्रा में श्रीयाद, राधा कृष्ण, राम सीता और हिरण्यकश्यप की झांकी मनमोहक रही। मंदिर प्रांगण पहुंचने पर पुजारी उत्तम वैष्णव द्वारा समाज के सैकडों लोगों की उपस्थिति में महाआरती हुई और प्रसाद का वितरण हुआ। इस अवसर पर राजस्थान सरकार में मुख्य सचेतक कैबिनेट मंत्री जोगेश्वर गर्ग का प्रजापत समाज की ओर से साफा एवं माला पहनाकर अभिनंदन किया समारोह की पूर्व की संध्या पर भव्य भक्ति संध्या का आयोजन किया जिसमें भजन गायक कलाकार ने शानदार भजनों की प्रस्तुति दी।



**राधे कृष्णा नवयुवक मंडल जालोर के तत्वावधान में श्रीयादे जयंती महोत्सव पर शोभायात्रा निकाली।** फोटो-राष्ट्रदूत

युवाओं और महिलाओं ने नृत्य किया। भजन संध्या में श्रीयादे माता, आशापुरी माता, भेरुजी एवं हनुमान जी के भजनों की प्रस्तुति दी । श्रीयादे जयंती महोत्सव पर प्रजापत समाज के समस्त युवाओं ने नशा मुक्ति एवं बालिका शिक्षा का संकल्प लिया। इस अवसर पर समाज के शिवलाल देवडा, मोहनलाल देवडा, रामलाल चांदोरा , पुखराज सियोटा, महेन्द्र राठौड,विपुल देवडा,यशवंत बडवाल, मूलाराम देवडा ,मुकेश बडवाल, आकाश परिहार, गोपाराम पौनेचा, उत्तम देवडा, जवानाराम बागरेचा, दिनेश ओसवाल, सोहनलाल राठौड, अरविंद, सुशील, जसवंत, प्रेम सहित समाजबंधु एवं महिलाएं उपस्थित रहे ।

**सायला संवाददाता के अनुसार :** सायला नगर के नया बस स्टैंड स्थित श्रीयादे माता मंदिर में मंगलवार को पुरबिया प्रजापति समाज पट्टी गांव छह सायला की ओर से श्रीयादे जन्म जयंती महोत्सव श्रद्धा एवं हर्षोल्लास के साथ मनाया गया।

इस अवसर पर साधु-संतों के सान्निध्य में भव्य वरघोडे का आयोजन किया गया,जिसमें समाजबंधुओं ने बडी संख्या में भाग लिया। वरघोडा मंदिर परिसर से प्रारंभ होकर बिजलीघर, पुलिस थाना, पुराना बस स्टैंड होते हुए कात्यायनी माता मंदिर पहुंचा और पुनः कार्यक्रम स्थल पर आकर विसर्जित हुआ। वरघोड़े में शामिल समाजबंधु डीजे पर भक्ति गीतों पर झूमते हुए जयघोष लगाते चल रहे थे।

सुसज्जित रथ पर श्रीयादे माता की तस्वीर विराजमान थी, वहीं संत-महात्मा भी रथ पर विराजित रहे। समाज से जुडी आकर्षक झांकियां लोगों के आकर्षण का केंद्र रही।

जयंती महोत्सव के दौरान समाजबंधुओं ने माताजी मंदिर में दर्शन कर शीश नवाया तथा संत-महात्माओं से आशीर्वाद प्राप्त किया। आयोजन को लेकर मंदिर परिसर को फूलों से भव्य रूप से सजाया गया था। वरघोडे के समापन के पश्चात महाआरती का आयोजन हुआ, इसके बाद महाप्रसादी का वितरण किया गया, जिसमें बडी संख्या में श्रद्धालुओं ने सहभागिता की। इस अवसर पर समाज के कई जने उपस्थित रहे।

जयंती महोत्सव की पूर्व संध्या पर भजन संध्या का आयोजन भी किया गया। भजन संध्या का शुभारंभ गणेश वंदना से हुआ।

इसके पश्चात सतगुरु आया पावणा, गुरु बिन घोर अंधेरा, वारी गुरुदेव, वायक आया गुरुदेव, श्रीयादे री बेल बापजी सहित अनेक भजनों की मनोहारी प्रस्तुतियां दी गई। भक्ति गीतों पर श्रद्धालु भावविभोर होकर भाव नृत्य करते नजर आए।

# मणधर में मंदिर से दानपात्र व गहने चोरी

**भीनमाल**, (निसं)। मणधर गांव स्थित कुलदेवी माता व माजीसा मंदिर सहित अन्य मकानों में गत नौ जनवरी की मध्यरात्रि में अज्ञात चोरों ने लाखों रुपए के चांदी के जेवरात व माताजी मंदिर में भंडारे में रखें करीब 50 हजार रुपए नकदी अज्ञात चोर चुराकर लेकर गए थे। चोरों द्वारा भंडारे को तोडकर गांव के बाहर झाडयिों में फेका गया था। जिसे सोमवार को देखा गया।

जिस पर ग्रामीण मोहनसिंह पुत्र केशरसिंह राव निवासी मणधर द्वारा रिपोर्ट पेश कर बताया कि मणधर में कुलदेवी ब्रह्माणी माताजी व माजीसा का मंदिर स्थित है और वे खुद इस मंदिर की देखरेख करते है। इस मंदिर में श्रद्धालुओं द्वारा नकद राशि, सोने-चांदी के जेवरात, भेंट, उपहार स्वरूप दिए जाते है। साथ ही दर्शानार्थी अपनी सामर्थ्यानुसार चढावा के रूप में नकद राशि वहां मौजूद भंडारे में अर्पित करते हैं। गत नौ जनवरी की शाम को पूजारी लक्ष्मणदास मंदिर के ताले लगाकर अपने घर चला गया। अगले दिन दस जनवरी को सुबह करीब छह बजे पूजारी लक्ष्मणदास ने मंदिर पहुंचकर देखा तो मंदिर के ताले टूटे हुए थे तथा अंदर सामान बिखरा हुआ था।माताजी के श्रृंगार के जेवरात नहीं थे, तब उसने मुझे सूचना दी। मैंने व गांव के अन्य गणमान्य नागरिकों ने मंदिर पहुंचकर देखा तो पता चला कि कुलदेवी के चांदी का कलश वजनी 250 ग्राम, चांदी का एक नारियाल वजन 250 ग्राम, चांदी का मुकुट एक वजन 500 ग्राम, चांदी के झूमके वजन 50 ग्राम, सोने की नथ वजन 5 ग्राम, चांदी का छोटा मुकुट वजन 200 ग्राम, झूमर चांदी के पांच नग वजन 2.50 किलोग्राम, भंडारा जिसमें करीबन 50000 रूपये नकद थे, वो गायब था। इसी प्रकार माजीसा के मंदिर में से आठ झूमर चांदी के वजनी करीब 500 किलोग्राम, चांदी का पालणा वजन करीब सौ ग्राम एवं आर्टीफिशियल ज्वैलरी आड, रखडी आदि भी गायब थे। किन्हीं अज्ञात चोरों ने रात्रि में मंदिर के ताले तोडकर उसके अंदर जबरन अनाधिकृत रूप से घुसकर उपरोक्त माल चोरी कर ले गए। पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच शुरू की।

# तीजा का राज्य हैंडबॉल टीम में चयन

**धोरीमना**, (निसं)। बाडमेर जिले के राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय, ओगाला (फागलिया) की कक्षा 12वीं की छात्रा तीजा का चयन 69वीं राष्ट्रीय विद्यालयी हैंडबॉल प्रतियोगिता (19 वर्ष छात्रा वर्ग) के लिए राजस्थान टीम में हुआ है। प्रतियोगिता 1 से 5 फरवरी तक घुमारवीं (हिमाचल प्रदेश) में होगी। तीजा की उपलब्धि के पीछे कोच अशोक कुमार गोदारा का विशेष योगदान है। तीजा के चयन से जिले में खुशी की लहर है। विद्यालय प्रशासन ने इसे ग्रामीण क्षेत्र की छात्राओं के लिए प्रेरणास्त्रोत बताया। उल्लेखनीय है कि पिछले वर्ष भी राउमावि ओगाला की छात्रा सोनू ने राज्य टीम का प्रतिनिधित्व किया था, जिसमें राज्य ने 67 वर्षों बाद हैंडबॉल छात्रा वर्ग में पदक जीता था।